

गंदगी | कूड़े कचरे से होकर सीटी पोस्ट ऑफिस पहुंच रहे आमजन

## सड़क है या कूड़ा घर, सिटी पोस्ट ऑफिस मार्ग बना कचरा घर



सड़क पर बिखरा कूड़ा कचरा



संक्रमण फैलने की आशंका

**जबलपुर, नवभारत।** शहर के विजय नगर इलाके में सिटी पोस्ट ऑफिस की ओर जाने वाले मार्ग में पड़े कूड़े कचरे से रहवासी परेशान हैं। यहाँ पोस्ट ऑफिस मे आने वाले आमजन रोड पर पड़ी गंदगी और कचरे को देखकर झीझक जाते है।घरों से निकलने वाला कचरा सड़क किनारे फेंका जा रहा है, जिससे बदबू और स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। यहाँ रहने वाले रहवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सख्त कार्रवाई की मांग की है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। सिटी पोस्ट ऑफिस आने वाले राहगीर कमलेश और रिंकू कुमार ने बताया कि इसकी कचरे की बदबू के कारण यहां से गुजरना दूभर हो गया है। अब स्थिति यह हो गई है कि कूड़ा सड़क की सतह तक फैलने लगा है, जिससे आवागमन भी प्रभावित हो रहा है लोगो का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। विजय नगर के अन्य हिस्सों में भी जगह-जगह इसी तरह कूड़े का ढेर लगा हुआ है। बावजूद इसके सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीरता नजर नहीं आ रही है।

### पॉश इलाकों में से एक

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जानता के प्रतिनिधि इस समस्या के प्रति पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के दौरान जिस उत्साह और सक्रियता के साथ शहर के प्रतिनिधि सफाई अभियानों में भाग लेते थे, वह अब पूरी तरह गायब हो चुकी है। इलाके में फैली गंदगी रोजाना देखी जा रही है, लेकिन कूड़ा फेंकने वालों पर कोई कार्रवाई की जा रही है। मोहल्ले के राम, राघव, दीपक सिंह, प्रताप, शिव कुमार, राजेश्वर सहित कई लोगो ने बताया कि इस समस्या को लेकर वह कई बार जनप्रतिनिधियों से शिकायत भी कर चुके हैं। वही लोगो को कूड़ा फेंकने से मना भी किया जाता है पर वे लोग बाज नहीं आते है।

## बगदरी घाटी में चाकू की नोंक पर क्लीनिक संचालक से लूट

▶ चार नकाबपोशों ने नगदी और चांदी की चेन छीनी

**नवभारत, जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत बगदरी घाटी में चार नकाबपोश बदमाशों ने एक क्लीनिक संचालक को अकेला पाकर चाकू अड़ाया और हजारों की नगदी सहित चांदी की चेन लूट कर फरार हो गए।

पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मूलत: सैलवाड़ा तेंदुखेड़ा, जिला दमोह निवासी 23 वर्षीय छोटू रैकवार, ग्राम पौड़ीकला में अपनी क्लीनिक चलाते हैं। जब वह अपने घर से क्लीनिक जा रहे थे, तभी बगदरी घाटी के पास वे फ्रेश होने के लिए अपनी गाड़ी खड़ी कर जंगल की ओर गए। इसी बीच पीछे से आए चार नकाबपोश युवकों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया।



### बदमाशों के हुलिए से पहचान की कोशिश

पीड़ित ने पुलिस को चारों आरोपियों के हुलिए की जानकारी देते हुए बताया कि पहला आरोपी पीली शर्ट और जींस पहने था, जिसने चाकू अड़ाया। उसके हाथ में फंगल इंफेक्शन के निशान थे। दूसरा आरोपी नीली शर्ट और जींस में था, जिसके दाहिने हाथ पर टैटू बना हुआ है। तीसरा आरोपी जिसकी नाक के ऊपर पुरानी चोट का गहरा निशान है। चौथा आरोपी सफेद शर्ट और जींस पहने हुए था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है साथ ही हुलिए के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

### चाकू दिखा बोले, चुपचाप सामान निकाल दें, वरना मार देंगे

पीड़ित छोटू रैकवार ने बताया कि दो लड़कों ने उन्हें मजबूती से पकड़ लिया, जबकि एक अन्य युवक ने अचानक चाकू निकालकर उनके पेट पर अड़ा दिया। बदमाशों ने डराते हुए कहा, जो कुछ भी सामान है चुपचाप निकाल दे, वरना अंजाम बुरा होगा। जान से मार देंगे । डर के मारे युवक ने अपना पर्स निकाल दिया, जिसमें रखे 22 हजार रुपये बदमाशों ने लूट लिए। इसके साथ ही एक सफेद शर्ट पहने युवक ने उनके गले से चांदी की चेन भी झपट ली। वारदात के बाद बदमाश पीड़ित को धक्का देकर जंगल के रास्ते भाग निकले।

## नाबालिग को सुरक्षित आरपीएफ को सौंपा गया



**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत यात्री सुरक्षा एवं मानवीय संवेदनशीलता का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया। ट्रेन संख्या 03252 में यात्रा के दौरान एक नाबालिग बालक अकेला एवं असहाय अवस्था में पाया गया। ड्यूटी पर तैनात डिप्टी सीटीआई रामाश्रय सिंह द्वारा तत्परता एवं सजगता दिखाते हुए बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया गया। पूछताछ के दौरान बालक ने अपना नाम आदित्य चक्रवर्ती बताया तत्पश्चात, संबंधित रेलवे स्टाफ द्वारा बालक को सुरक्षित रूप से आरपीएफ के सुपुर्द किया गया, ताकि उसके परिजनों से संपर्क स्थापित कर उसे सकुशल उनके हवाले किया जा सके। उपलब्ध जानकारी के अनुसार बालक का पता जिला कटनी मध्य प्रदेश क्षेत्र का है। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों द्वारा पूरी संवेदनशीलता एवं सतर्कता के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि बालक को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### नौ फीट ऊपर से पकड़ा आठ फीट लंबा सांप

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानांतर्गत पाटन बाइपास के पास ग्राम सूखा निवासी अंश तिवारी के घर में सांय काल चार बजे उनके रसोई कक्ष में एक आठ फीट लंबा सांप टेबिल के सहारे होते हुए सात फीट ऊंचे स्टोर कक्ष में प्रवेश कर गया। जिसके कारण वहां अफरातफरी मच गई ।अंश की सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का है जो कि जहरीला नहीं होता। जिस स्थान पर सांप पकड़ा गया वहां चूहे अधिक थे।

## शादी समारोह में खाने के छींटे पड़ने पर खूनी संघर्ष

सगे भाईयों ने पिता-पुत्र पर किया चाकू से हमला



**नवभारत, जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत अहमदनगर में एक शादी समारोह में थाली में खाने का छींटा पड़ने की बात पर उपजे विवाद पर खूनी संघर्ष हो गया ।दो सगे भाइयों ने एक युवक और उसके पिता पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अहमदनगर मस्जिद के पास रहने वाले मोहम्मद साहिल अंसारी (23) वेल्डर हैं, अपने पिता महमूद अहमद के साथ बीती रात इब्राहिम की बेटी के निकाह कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात लगभग 2:30 बजे जब साहिल खाना खाने के लिए स्टॉल की ओर बढ़ रहा था। इसी दौरान पास में खड़े मज्जू अंसारी की थाली में गलती से खाने का छींटा चला गया। साहिल ने तत्काल अपनी गलती मानते हुए माफी भी मांगी, लेकिन मज्जू और उसका भाई अज्जी अंसारी उग्र हो गए और विवाद करने लगे। विवाद के दौरान आरोपियों ने साहिल को घेर लिया और शराब पीने के लिए 500 रुपये की रंगदारी देने की मांग की। जब साहिल ने पैसे देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी अज्जी अंसारी ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच, मज्जू अंसारी ने पास रखे चाकू से हमला कर दिया, जो साहिल को बचाने आए उसके पिता महमूद अहमद के सिर में जा लगा। पिता को लहूलुहान हालत में छोड़कर दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।



## 5 घंटे कॉम्बिग : 354 वारंटी पकड़ाए

**नवभारत, जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस में गुंडे बदमाशों की धरपकड़ करने 5 घंटे कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 172 गैर म्यादी वारिटयों एवं 107 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 75 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉम्बिग गश्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने कांबिंग गश्त रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह, एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी, एएसपी जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा के मार्ग निर्देशन में कराई गई । इसके साथ ही कांबिंग गश्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

## लोक निर्माण मंत्री ने क्षत्रिय समाज भवन का लोकार्पण किया



**जबलपुर ।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को रानीताल में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण कर क्षत्रिय समाज भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज का वर्षों पुराना सपना था कि भवन व्यवस्थित हो। समय के साथ सभी के योगदान से आज व्यवस्थित भवन बना और उसका लोकार्पण भी हुआ। मंत्री सिंह ने कहा कि वे सांसद निधि से 30 लाख रूपये इसके लिए प्रदान किये थे। इसके साथ ही इस भवन से वे सभी लोग जिनका भावनात्मक सहयोग रहा, उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय महासभा का यह भवन आने वाले समय में एकजुटता का आधार बने, उस एक जुटता का उद्देश्य सर्वहित व सकारात्मक हो, ताकि उद्देश्य को सफलता मिल सके।

इस अवसर पर क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों सहित बड़ी तादात में समाज के सम्मान्नीयजन उपस्थित थे। मंत्री श्री सिंह ने मदन महल में डॉ. लोध हॉसपिटल के पास स्थित रिवर ईव्ही शोरूम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ भी किया। इसके बाद मंत्री सिंह गौरीघाट में आयोजित श्रीराम कथा में शामिल हुए।



## जैविक हाट : गुणवत्तापूर्ण उत्पादों ने जीता उपभोक्ताओं का भरोसा

अब महाकौशल हाट बाजार में भी हर गुरुवार को लगेगा जैविक हाट

**जबलपुर।** कृषि उपज मंडी परिसर में इस रविवार को भी जैविक हाट का सफल आयोजन किया गया। जैविक हाट में उपभोक्ताओं की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। यह लोगों में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता और जैविक उत्पादों की मांग को दर्शाता है। रविवार को लगाये गये जैविक हाट में भी बड़ी संख्या में पहुँचे उपभोक्ताओं ने न केवल जैविक उत्पादों की खरीदारी की, बल्कि जैविक खेती के तरीकों और उसके लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जैविक हाट में किसानों को भी जैविक प्रमाणन, विपणन एवं पैकेजिंग से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया, ताकि वे अपने उत्पादों को बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर सकें। कृषि उपज मंडी परिसर में लगाये जा रहे जैविक हाट की सफलता को देखते हुये अब जिला प्रशासनद्वारा रेल सौरभ कॉलोनी कांचघर स्थित महाकौशल हाट बाजार में भी प्रत्येक गुरुवार को जैविक हाट के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इसकी शुरुआत इसी गुरुवार से होगी। ज्ञात हो कि जैविक खेती को बढ़ावा देने, किसानों को उचित बाजार उपलब्ध कराने तथा उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं रसायन-मुक्त उत्पाद सुलभ कराने के उद्देश्य से लगाये जा रहे जैविक हाट में जिले के विभिन्न विकासखंडों से जुड़े जैविक किसान अपने उत्पाद जैसे ताजी सब्जियां, फल, दालें, अनाज, मसाले एवं अन्य घरेलू उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा रहे हैं। कृषि उपज मंडी परिसर में लगाये गये जैविक हाट में संयुक्त संचालक कृषि के एस नेताम, उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शहपुरा एस के परतेती भी मौजूद थे।

## चार्जिंग पर लगा था मोबाइल, खाते से उड़े 74 हजार

**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत होटल पारस में कार्यरत एक हेड शेफ शातिर ठग का शिकार बन गया। जब पीड़ित अपने घर पर सो रहा था और मोबाइल चार्जिंग पर लगा था, ठीक उसी वक्त उसके खाते से 74,000 रुपये पार कर दिए गए।



पुलिस ने बताया कि मोहम्मद आशिक (29) निवासी होटल पारस राइट टाउन का हेड शेफ है। जब वे अपने घर पर सो रहा था तभी उसने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगा रखा था। इसी दौरान उसके फोन पे खाते से बिना किसी अनुमति के 74,000 रुपये की राशि ट्रांसफर हो गई। इसके बाद आशिक ड्यूटी पर होटल चला गया और काम में व्यस्त रहा। जब उसने अपना मोबाइल चेक किया, तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसके खाते से निखिलेश कुमार राम नाम के किसी अनजान व्यक्ति को 74,000 रुपये ट्रांसफर हो चुके थे।

### बिना लिंक और कॉल के हुई ठगी

अक्सर साइबर ठगी के मामलों में लिंक क्लिक करने या फोन कॉल पर जानकारी साझा करने की बात सामने आती है, लेकिन इस मामले में पीड़ित ने स्पष्ट किया है कि उसे न तो कोई कॉल आया, न मैसेज और न ही उसने किसी लिंक पर क्लिक किया। मोबाइल उसके पास ही था। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब ट्रांजेक्शन हिस्ट्री और बैंक डिटेल्स के जरिए आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### सरेराह महिला से अभद्रता, फाड़े कपड़े, मामला दर्ज

**जबलपुर।** कैंट थाना अंतर्गत पासी मोहल्ला में रहने वाली एक महिला के साथ एक युवक ने न केवल विवाद किया, बल्कि सरेराह उनके साथ छेड़छाड़ कर कपड़े तक फाड़ दिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, पासी मोहल्ला, गली नंबर 24 निवासी 58 वर्षीय महिला अपने घर के समीप मौजूद थी, तभी क्षेत्र के ही एक युवक ने उनसे विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि युवक ने अपना आपा खो दिया और महिला के साथ झूमाझटकी शुरू कर दी। आरोपी ने बुजुर्ग महिला के साथ सरेराह अभद्रता की और उनके कपड़े फाड़ दिए जान से मारने की धमकी देने लगा। शोर सुनकर जब तक आसपास के लोग मदद के लिए पहुँचते, आरोपी वहाँ से भाग निकला। घटना के तुरंत बाद पीड़िता कैंट थाने पहुँची और आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## अस्पताल से छुट्टी मिलते ही थमी सांसें

सड़क हादसे में घायल हुआ था मजदूर

**नवभारत, जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत बरेला तालाब के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मजदूर को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलते ही उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जमुनिया कुटी बरेला निवासी श्रीमती रश्मि वंशकार और उसके पति राजेश बीते 23 मार्च की रात करीब 9:30 बजे, दोनों काम खत्म कर साइकिल से घर वापस आ रहे थे। रश्मि पैदल चल रही थीं और राजेश उनके आगे साइकिल पर थे। बरेला तालाब के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने राजेश की साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में राजेश के सिर, पसली, घुटनों और दोनों हाथों में गंभीर चोटें आई थीं। परिजनों ने घायल राजेश को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनका उपचार चल रहा था। 4 अप्रैल को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद, दोपहर करीब 3 बजे अस्पताल के बाहर ही राजेश की तबीयत अचानक बिगड़ी और मौत हो गई। रविवार को मृतक की पत्नी रश्मि ने थाने पहुँचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और टक्कर मारकर भागने वाले अज्ञात मोटरसाइकिल चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक

**जबलपुर।** पाटन में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि रविवार को घनश्याम रजक 45 वर्ष निवासी पाटन ने सूचना दी कि सुबह लगभग 10-30 बजे घर में था छोटा भाई संदीप का बेटा हिमांशु दौड़ते हुये आया कि पापा ने कमरे में लगे सीलिंग फेन से फांसी लगा लिये है तो वह एवं उसकी पत्नी मालती रजक दोनों छोटे भाई प्रदीप की बहू रेखा एवं उसकी दोनो बेटियां भाई संदीप के घर जाकर देखे कमरे में लगे सीलिंग फेन से साड़ी का फंदा बनाकर भाई संदीप रजक 35 वर्ष फांसी पर लटका था जिसे फांसी से उतारकर शासकीय अस्पताल पाटन लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

बैठक | एएसपी ने ली बैठक, बोलीं-सुगमता से चलता रहे ट्रैफिक

## यातायात व्यवस्था सुधारने बनाई रणनीति

**जबलपुर।** यातायात सुगमता से चलता रहे, यह हमारा प्रयास होना चाहिये, आपकी जहां भी ड्यूटी लगायी जाती है वहां इस प्रकार की व्यवस्था करें कि यातायात सुचारू रूप से चलता रहे।

जिस तरह आम नागरिकों से अपेक्षा रहती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें। यह बातें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजना तिवारी ने यातायात ने पुलिस कन्ट्रोलरूम में यातायात में पदस्थ अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहीं। साथ ही यातायात व्यवस्था सुव्यस्थित एवं सुचारू बनाये रखने के साथ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने योजना बनाई और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए । बैठक में यातायात संचालन, ट्रैफिक व्यवस्था में आने वाली कठिनाइयों, चालानी कार्रवाई, वीआईपी ड्यूटी, जुलूसों के दौरान यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई, साथ ही चौक-चौराहों पर बेहतर व्यवस्था बनाए रखते हुए आमजन के साथ विनम्र व्यवहार करने एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता करने निर्देशित किया गया।



प्राप्त यातायात संबंधी उपकरणों के सही एवं प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया गया। नव-निर्मित स्टॉपरों को चौराहों पर व्यवस्थित रूप से लगाने, ड्यूटी के दौरान उनका उपयोग करने तथा ड्यूटी उपरांत उन्हें पुन: सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही पोर्टेबल सिग्नल के समुचित उपयोग के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाएं रखे

एएसपी अंजना तिवारी ने कहा कि वर्तमान में चल रहे गर्मी के मौसम के मद्देनजर ट्रैफिक स्टाफको कठिन परिस्थितियों में संयम एवं धैर्य बनाए रखते हुए अपनी सेहत का ध्यान रखकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीएसपी यातायात संतोष शुक्ला, डीएसपी यातायात बैजनाथ प्रजापति, डीएसपी यातायात श्रीमती संगीता डामोर, थाना प्रभारी, सूबेदार , एएसआई रैंक के अधिकारीगण उपस्थित रहे।